हरिभूमि
# विंध्य भूमि
जबलपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com
सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना


## खबर संक्षेप

### सूनी गोद भरी और बच्चों को मिला परिवार;' मातृछाया' में भावुक क्षणों के बीच मासूमों को मिला नया जीवन



सतना। उतैली स्थित 'मातृछाया' संस्थान में एक बेहद भावुक पल देखने को मिला। यहाँ तीन अनाथ बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया पूरी की गई,जिससे उन्हें नया परिवार और उज्ज्वल भविष्य का आधार मिला। इस नेक कार्य के दौरान महापौर योगेश ताम्रकार और जिले के कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस भी मौजूद रहे। अतिथियों ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि हर बच्चे को सुरक्षित बचपन और स्नेहपूर्ण परिवार मिलना समाज की सबसे बड़ी उपलब्धि है। गोद लेने वाले परिवारों की आंखों में खुशी के आंसू और बच्चों के चेहरों की मुस्कान ने सभी को प्रभावित किया।

### सतना गौरव दिवस की तैयारियां तेज: दो दिन मनेगा उत्सव

सतना। गौरव और विरासत का उत्सव इस बार और भी खास होने जा रहा है। नगर निगम में महापौर योगेश ताम्रकार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष 'सतना गौरव दिवस' दो दिनों तक (24 और 25 जनवरी) पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। बैठक में डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा और अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। महापौर ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिकता नहीं,बल्कि सतना की संस्कृति और आत्मसम्मान का प्रतीक बनेगा। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ भारी जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### बीच बाजार पति की बेवफाई पर भारी पड़ी पत्नी

सतना। अमरपाटन में बुधवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक को उसकी पत्नी और परिजनों ने किराने की दुकान के बाहर उसकी प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद बीच सड़क पर ही हाई-वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया। पत्नी के भाई ने अपने जीजा की जमकर धुनाई कर दी, वहीं पत्नी और प्रेमिका के बीच भी तीखी झड़प और मारपीट हुई। इस पूरी घटना का वीडियो राहगीरों ने बना लिया,जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सर्राफा कारोबारी के घर और दो दुकानों पर जीएसटी का छापा, जांच जारी

सतना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को जीएसटी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक प्रमुख सर्राफा कारोबारी के ठिकानों पर दबिश दी। टीम ने पन्नीलाल चौक स्थित दो ज्वेलरी दुकानों और कारोबारी के घर पर एक साथ सर्वे शुरू किया।



### इन संस्थानों पर हुई कार्रवाई

जीएसटी विभाग के अधिकारियों के अनुसार, पन्नीलाल चौक इलाके में संचालित निम्नलिखित दो संस्थानों पर जीएसटी की धारा 67 के तहत कार्रवाई की गई है। जिसमें श्री कृष्णा ज्वेलर्स और मां भगवती ज्वेलर्स शामिल हैं।

### घर पर जांच पूरी, दुकानों में काम जारी

जीएसटी टीम के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि संस्थान के संचालक का घर सिटी कोतवाली के पीछे स्थित है। घर पर जांच का काम शाम तक पूरा कर लिया गया,जिसके बाद टीम ने वहां का पंचनामा तैयार कर लिया है। हालांकि,दोनों दुकानों में कार्रवाई देर शाम तक जारी रही।

### ट्रेडिंग अकाउंट न मिलने से हुई देरी

अधिकारियों के मुताबिक,कार्रवाई के दौरान ट्रेडिंग अकाउंट उपलब्ध नहीं होने की वजह से जांच की प्रक्रिया में समय लग रहा है। विभाग अभी स्टॉक और दस्तावेजों का मिलान कर रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई अभी आगे भी जारी रह सकती है और जांच पूरी होने के बाद ही टैक्स चोरी की सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# सैनिक कल्याण बोर्ड की जमीन पर बना अवैध निर्माण जमींदोज, 70 लाख की भूमि अतिक्रमण मुक्त

### जवाहर नगर में दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम के पास हुई बड़ी कार्रवाई; तहसीलदार सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में चला बुलडोजर

सतना। शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में जिला प्रशासन ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करोड़ों की सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। रघुराजनगर तहसीलदार सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में राजस्व और नगर निगम की टीम ने जवाहर नगर स्थित दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम (मिलिट्री ऑफिस के पास) के पीछे बने वर्षों पुराने अवैध मकान को जेसीबी की मदद से ढहा दिया।

### सैनिक कल्याण बोर्ड को आवंटित थी जमीन

जानकारी के अनुसार,यह भूमि (लगभग 25×79 वर्ग फीट) जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को आवंटित की गई थी। इस पर द्वारिका गुर्जर और सुरेंद्र अहिरवार द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण करा लिया गया था,जिसमें वे सपरिवार निवास कर रहे थे। सैनिक कल्याण बोर्ड ने अपनी जमीन वापस पाने के लिए तहसीलदार न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अतिक्रमणकारी कब्जे से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। इसके बाद तहसीलदार ने इसे अवैध मानते हुए बेदखली के आदेश जारी किए।



### भारी पुलिस बल और टीम की मौजूदगी में कार्रवाई

बुधवार को तहसीलदार सौरभ मिश्रा,हल्का पटवारी,आरआई और नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी दस्ते के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने जेसीबी मशीन लगाकर अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। बेदखली की कार्रवाई के बाद तहसीलदार ने उक्त भूमि का कब्जा औपचारिक रूप से जिला सैनिक कल्याण बोर्ड को सौंप दिया है।मुक्त कराई गई इस जमीन की अनुमानित बाजार कीमत लगभग 70 लाख रुपये बताई जा रही है।

### नागौद में भी चला प्रशासन का डंडा

एक अन्य कार्रवाई में,नगर परिषद नागौद द्वारा बुधवार को सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। परिषद की टीम ने सिंहपुर चौक से लेकर बस स्टैंड चौराहे तक सड़क की पटरियों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य यातायात व्यवस्था को सुगम बनाना था,जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को जाम से मुक्ति मिल सके।

# चोरी करने घुसे बदमाश को पड़ोसियों ने दबोचा चाकूबाजी के बाद हाथ-पैर बांधकर पुलिस को सौंपा

**सतना। जिले के कोटर कस्बे में एक सूने मकान में चोरी की नीयत से घुसे बदमाशों का मुकाबला करते हुए पड़ोसियों ने अदम्य साहस का परिचय दिया। स्थानीय लोगों ने न केवल एक चोर को रंगे हाथों पकड़ा,बल्कि घायल होने के बावजूद उसे पुलिस के हवाले कर दिया।**



### सूने मकान को बनाया था निशाना

घटना कोटर कस्बे की है,जहाँ रमेश त्रिपाठी का परिवार अपने बेटे के पास मैहर गया हुआ था। घर खाली देख तीन बदमाशों ने ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया।तभी बगल में रहने वाले पंकज गोस्वामी को घर के अंदर से कुछ आहट सुनाई दी। संदेह होने पर उन्होंने तुरंत रमेश के भाई लल्लू उर्मलिया को इसकी जानकारी दी।

### हाथापाई और चाकूबाजी

सूचना मिलते ही पंकज और लल्लू मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की। खुद को घिरता देख दो आरोपी वाहन से फरार होने में सफल रहे,लेकिन एक आरोपी को दोनों ने दबोच लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने चाकू निकालकर हमला कर दिया,जिससे लल्लू उर्मलिया को शरीर पर दो-तीन जगह चोटें आईं।

### बदमाश को बांधकर पुलिस को किया सूचित

लहूलुहान होने के बाद भी दोनों ने हिम्मत नहीं हारी और आरोपी को पूरी तरह काबू में कर लिया। पकड़े गए बदमाश के हाथ-पैर बांधकर पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### स्थानीय ही निकले फरार साथी

पुलिस जांच में पता चला है कि पकड़ा गया आरोपी सतना के बजरहा टोला का निवासी है। फरार आरोपी कोटर कस्बे के ही स्थानीय युवक बताए जा रहे हैं। पुलिस ने घायल लल्लू उर्मलिया को उपचार के लिए भेजा है और फरार आरोपियों की तलाश में अलग-अलग जगहों पर दबिश दे रही है। इस घटना के बाद से पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया है,वहीं पड़ोसियों की बहादुरी की चर्चा हर तरफ हो रही है।

### मारुति वैन का हुआ स्टीयरिंग फेल, सड़क किनारे पेड़ से टकराने के बाद लगी आग जलकर हुई खाक



सतना। जिले के नागौद थाना के पोड़ी चौकी अंतर्गत नागौद उचेहरा मार्ग पर अटरा गांव के पास बुधवार की सुबह करीब 9 बजे ओमनी कार का स्टीयरिंग जाम होने से कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई और धू-धू कर जल गई। मिली जानकारी अनुसार,ओमनी कार क्रमांक एमपी19 सीए 8228 में सवार 5 लोग पन्ना जिले के देवेन्द्रनगर से मैहर लड़का देखने जा रहे थे। रास्ते में अचानक अटरा अनजान बाबा मंदिर के पास वाहन की स्टीयरिंग जाम हो गई। इस कारण कार पर से चालक का नियंत्रण छूट गया और वह सड़क किनारे लगे कहुये के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके तुरंत बाद कार में आग भड़क उठी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल पोड़ी चौकी में सूचना दी मौके पर पहुंचे चौकी से पहुंचे प्रभारी आरपी वर्मा,प्रधान आरक्षक राजेन्द्र पाण्डेय एवं ओमप्रकाश तिवारी ने तत्परता दिखाते हुए बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने कार में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों की मदद से जल्दी से बाहर निकाल लिया। हालांकि,चालक कृष्णपाल पिता अवधराज कुशवाहा 35 वर्ष का पैर गाड़ी में फंस गया था,जिसस निकालने में देरी हुई और वे आग की चपेट में आकर झुलस गया।घटना में अवध राज कुशवाहा 60वर्ष,भगवान दास कुशवाहा 51वर्ष, बैजनाथ कुशवाहा 48 वर्ष आदित्य वर्मा 27 वर्ष घायल हुए हैं। सभी को 112 एफआरवी वाहन से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चालक को बिरला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस के अनुसार मारुति ओमनी कार सीएनजी गैस चलाई जा रही थी जिससे टक्कर के बाद तेजी से आग लग गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दाहिया समाज ने मनाया नववर्ष मिलन समारोह, पुस्तकें, कैलेंडर विमोचित

सतना। मध्यप्रदेश दाहिया दहायत महासंघ इकाई नागौद द्वारा नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्यअतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक बीएल दाहिया रहे एवं अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रामबालक दाहिया ने की विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनिल दाहिया,प्रादेशिक कार्यकर्ता संतोष दाहिया,महासचिव रमेश दाहिया,प्रदेश संयोजक केपी दाहिया,संभागीय अध्यक्ष सोनू दहायत, जिलाध्यक्ष राजेंद्र दाहिया,जिलाध्यक्ष पन्ना आरएन दाहिया,रामजीत दाहिया,आदिनाथ दारा,विवेक दाहिया,सूर्यपाल दाहिया रहे।इस दौरान वक्ताओं ने शिक्षा,सामाजिक एकता,और सामाजिक कुरीतियों से दूरी बनाए रखने का आह्वान एवं सामाजिक विकास कार्यों के साथ संगठन विस्तार पर चर्चा की। कार्यक्रम में समाज का वार्षिक कैलेंडर एवं संभागीय अध्यक्ष सोनू दहायत द्वारा लिखी गई पुस्तक दाहिया दहायत चेतना सृजन और दाहिया दहायत मातृशक्ति चेतना सृजन बुक के साथ के दाहिया की पुस्तक जानत प्रीति रीत रघुराई का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रावेंद्र दाहिया रहे। संचालन अंजली,रामकरण दाहिया एवं शरद दाहिया ने संयुक्त रूप से किया।

# नहरों में गाद-झाड़ियां धीमा पड़ा जल प्रवाह

## पानी न पहुंचने से किसानों को उपज प्रभावित होने का डर

सतना। बांध से खेतौं तक पानी पहुंचने के लिए बनी नहरों में गाद जमीं है,जगह जगह झाड़ियां उगी हुई हैं।इसके चलते खेतौं तक पहुँचने में पानी का प्रवाह धीमा पड़ जाता है। समय पर खेतौं की सिंचाई नहीं हो पा रही जिसके चलते किसान परेशान है। मामला जल संसाधन विभाग के नागौद उप संभाग स्थित कुलगढ़ी बांध का है।

### बांध खेतौं की सिंचाई के लिए लाइफलाइन

कुलगढ़ी बांध से नहर से पहुंचने वाला पानी इलाके में खेतों की सिंचाई के लिए लाइफ लाइन माना जाता है। इस बांध के पानी पर अंचल के पचासों गांवों के बड़ी संख्या में किसान निर्भर हैं। किसान इन नहरों से पहुंचे वाले पानी से हर साल पहले पलेवा और फिर गेहूं फसल की सिंचाई करते हैं। कई बार तो मानसून के देगा देने पर धान की फसल को भी पानी इसी बांध का पानी जीवनदान देता है। अब विभागीय अधिकारियों की मनमानी और कमाउखोरी के कारण किसान परेशान हैं।

### सफाई हेतु हर वर्ष लाखों का आवंटन फिर भी सफाई नहीं

आपको बता दें कि जलसंसाधन विभाग में शासन की ओर से नहरों की साफ सफाई के लिए लाखों रुपए आवंटित किए जाते हैं जिससे नहरों की साफ सफाई कर उनका रख रखाव किया जा सके जिससे किसानों के लिए नहरों में पानी की सप्लाई अवरुद्ध न हो सके लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते उप संभाग नागौद की नहरों परियोजना कैंप पोड़ी की मुख्य चौराहों के आसपास के अलावा सफाई नहीं कराई गई है।

### जल उपभोक्ता समिति भी है भंग

बताया गया कि नहरों कि देखरेख और उनकी मरम्मत के लिए बनाई गई जल उपभोक्ता समिति भी कई वर्षों से भंग पड़ी हुई है। वरना नहरों की छोटी-मोटी मरम्मत सुधार,पानी का समुचित उपयोग कराने समेत अन्य कार्य समिति द्वारा किए जाते रहे है। और समय-समय पर नगर से सिंचाई निगरानी आदि काम समिति देखती रही है।

### स्थानीय कार्यालय हटते ही शुरू हो गई अनदेखी

किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार विभागीय अधिकारियों से सूचना दी लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। पहले पोड़ी में विभाग के सहायक उपयंत्री का कार्यालय होने से विभाग में सक्रियता थी पर कई वर्षों से यहां कार्यालय बंद होने के बाद कभी भी अधिकारी निगरानी नहीं करते है। विभाग की अनदेखी को लेकर किसानों में विभाग के प्रति काफ़ी असंतोष देखा जा रहा है।

### इनका कहना है-

नहरों में अत्यधिक पेड़ झाड़ियां जमी हुई है जिसके कारण पानी पहुंचने में दिक्कतें हो रही है कई वर्षों से सफाई कराने की मांग की गई है बावजूद विभाग की अनदेखी बनी हुई है।

**- भोले सिंह- किसान**

नहर से समय पर पानी ना पहुंचने से गेहूं की फसल की सिंचाई प्रभावित हो रही है पर्याप्त पानी भी अभी नहीं मिल पाता है।

**- प्रशांत सिंह- किसान**

प्रशाशन से अनुरोध है किसानों की समस्या को गंभीरता से लिया जाए पानी की उपलब्धता ना होने से फसल उपज प्रभावित हो रही है। किसान परेशान हैं उनसे हर वर्ष सिंचाई शुल्क तो लिया जाता है पर निगरानी नहीं की जाती यह विभाग की जिम्मेदारी है कि शुल्क तो लिया गया है और पानी पहुंचाना चाहिए।

**- ठाकुर प्रसाद सिंह- जिला अध्यक्ष किसान यूनियन सतना।**

इस वर्ष कई एरिया में मेंटिनेंस व सफाई कराई गई है हमारे पास जितना बजट था उतना काम हो गया है। शेष कार्य अब अगले वर्ष होगा।-

**प्रभाकर सिंह एसडीओ- जल संसाधन विभाग सतना।**

### विकास के नाम पर 'मौत का जाल', पुल-पुलियों के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार का खुलासा

सतना। मझगवां टाउन से पहाड़ी खेरा मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता नजर आ रहा है। कंपनी के ठेकेदार द्वारा बनाए जा रहे पुल और पुलियों में गुणवत्ता की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।स्थानीय स्तर पर मिल रही जानकारी और निर्माण स्थल की स्थितियों ने विभाग और ठेकेदार के बीच के कथित गठबंधन की पोल खोल दी है।

#### सीमेंट की भारी कटौती: 'खतरे की घंटी'

निर्माण कार्य में सबसे गंभीर लापरवाही कंक्रीट के मसाले में देखी जा रही है। बताया जा रहा है कि प्रति एमक्यू मसाले में निर्धारित मानक से 5 से 6 बोरी सीमेंट कम मिलाया जा रहा है। तकनीकी जानकारों के अनुसार,सीमेंट की इतनी बड़ी कटौती पुलियों के ढांचे को अंदर से खोखला और कमजोर बना देती है, जो भविष्य में किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

#### भ्रष्टाचार के मुख्य बिंदु

बेस निर्माण में धांधली: दर्जन भर से अधिक ऐसी पुलिया बनाई गई हैं,जिनके बेस (आधार) में मुरुम तक नहीं डाली गई है। बिना मजबूत आधार के खड़ी ये संरचनाएं पहली बारिश भी झेलने में सक्षम नहीं दिख रही हैं।



#### पुराने ढोलों का खेल

निर्माण में नई सामग्री के बजाय पुराने पड़े ढोलों का उपयोग किया जा रहा है। नए ढोलों की कॉलर को पुराने ढोलों में फंसाकर उन्हें मिट्टी से ढक दिया गया है,ताकि भ्रष्टाचार बाहर से दिखाई न दे।

#### मिट्टी की भराई

नियमों के मुताबिक पुलिया के साइडों में कम से कम 50 सेमी कंक्रीट की दीवार होनी चाहिए,लेकिन ठेकेदार ने कंक्रीट की जगह सीधे मिट्टी भरवा दी है।

#### अधिकारियों की संदिग्ध भूमिका

हैरानी की बात यह है कि मझगवां पीडब्ल्यूडी अनुभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की नाक के नीचे यह सब चल रहा है। यह आरोप लग रहे हैं कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मूक सहमति और संरक्षण के कारण ही ठेकेदार बेखौफ होकर घटिया निर्माण कर रहा है। साइट पर न तो गुणवत्ता की जांच की जा रही है और न ही निर्माण के दौरान किसी तकनीकी पर्यवेक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है।

#### जनता की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह

पहाड़ी खेरा मार्ग पर यातायात का भारी दबाव रहता है। ऐसे में घटिया सामग्री से बनी ये पुलियां कब धराशायी हो जाएं,कुछ कहा नहीं जा सकता। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि निर्माण कार्य की तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

**खबर संक्षेप**

## सांदीपनी विद्यालय पवई के दो विद्यार्थियों का चयन, 69 वीं राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता में हुआ चयन



**पवई।** मध्य प्रदेश राष्ट्रीय 69 वीं खो खो प्रतियोगिता में पवई नगर के सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बालक वर्ग में आदर्श साहू पिता सुखनंदन साहू कक्षा 6 एवं बालिका वर्ग में अर्शिया इसराइल पिता मो. इजराइल कक्षा 9 का चयन हुआ है। बुधवार को विद्यालय परिवार के द्वारा प्री नेशनल कोचिंग कैंप स्थल कुक्षी धार भेजा गया। यह कैंप 9 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक होगा यहां से मध्यप्रदेश की टीम राष्ट्रीय शालेय खो खो (14 वर्ष से कम) प्रतियोगिता हेतु 16 से 21 जनवरी 2026 पटेल स्टेडियम राजस्थान में सहभागिता करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य रामकृष्ण नगायच के द्वारा आज दोनों प्रतिभागियों को पारितोषित स्वरूप सूट भेंट करते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत,प्रदेश कार्य समिति सदस्य पुष्पेंद्र पटेल, प्रहलाद बेहरे, पार्षद जफर खान सेवानिवृत शिक्षक किशोरी लाल उपाध्याय शिक्षक राकेश श्रीवास्तव,शिक्षक सुख सागर सिंह कुंवर, खेल शिक्षक रवि शंकर सिंह, प्रहलाद नामदेव, मुकेश कुमार जायसवाल सहित प्रतिभागियों के परिजन मौजूद रहे।

## विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता ने किया खण्डन



**पन्ना।** पन्ना नगर के आगरा मोहल्ला निवासी शबरीन खातून का घरेलू विद्युत कनेक्शन सर्विस क्रमांक 1427016379 को विद्युत कंपनी के अधिकारियों द्वारा विद्युत बिल की बकाया राशि एक लाख 3 हजार 649 रूपए भुगतान के लिए लंबित होने पर गत 24 नवम्बर को विद्युत कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने की कार्रवाई की गई थी। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता अमितेश मिश्रा ने बताया कि शबरीन खातून द्वारा गत जनसुनवाई में पन्ना शहर वितरण केन्द्र में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता राहुल चौरसिया को बकाया बिजली बिल के निराकरण के लिए 60 हजार रूपए रिश्वत देने का फर्जी आरोप भी लगाया गया था। साथ ही सोशल मीडिया में भी शिकायत प्रसारित की गई। जांच उपरांत पाया गया कि महिला शिकायतकर्ता शबरीन खातून द्वारा परिसर की विद्युत बिल की बकाया राशि का भुगतान 22 दिसम्बर 2021 से नहीं किया गया है। गत 27 दिसम्बर को कनिष्ठ अभियंता राहुल चौरसिया टीम के साथ शिकायतकर्ता के परिसर में स्थापित मीटर की जांच करने पहुंचे। यहां विद्युत चोरी प्रमाणित पाए जाने पर वीडियोग्राफी भी करवाई गई। परिसर में विद्युत कनेक्शन जुम्मन खान के नाम से पाया गया। इनके द्वारा मीटर के इनकमिंग प्वाइंट से दो सफेद रंग के तार लगाकर डायरेक्ट कर बिजली का चोरी से उपयोग किया जा रहा था। मौके पर शिकायतकर्ता एवं उसके पति द्वारा विवाद करने पर कनिष्ठ अभियंता द्वारा डायल 112 पर फोन किया गया। साथ ही थाना कोतवाली पन्ना में भी शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने पर शिकायती आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि शबरीन खातून द्वारा विभाग की कार्यवाही से बचाव के लिए कूटरचित घटनाक्रम संबंधी झूठी शिकायत जनसुनवाई में जिला कलेक्टर के समक्ष की गई। साथ ही सोशल मीडिया पर भी राहुल चौरसिया के विरूद्ध झूठी अफवाह फैलाई गई।

# ग्रामीण क्षेत्र में हैंड पम्प के पाईप बदलने को लेकर पाइप का न होना बताया जा रहा जबकि जंग लगा पानी पीने को लेकर क्या इसे शुद्ध जल की श्रेणी में माना जाये

**इंदौर की घटना के बाद शुद्ध पेयजल नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र प्रषासन की तीसरी आंख खुल चुकी है फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में जहां हेण्डपम्पों से पेयजल जो गांव आधारित है वहां लंबे अर्से से हेण्डपम्पों में जो जंग लग जाने से जंग लगा पानी निकलता है पाईप बदलने को लेकर जहां आवष्यकता है पर जिला मुख्यालय में ही पाईप न होना उपयंत्री के द्वारा स्वयं किया जा रहा बयां आखिर कैसे शुद्ध जल की श्रेणी में माना जाये जंग लगा पानी।**



**पन्ना।** समय के साथ बदलाव स्वयं ही चल पड़ता है इस समय इंदौर में दूषित पेयजल की घटना कारित होने के कारण संपूर्ण म0प्र0 में शुद्ध पेयजल प्रदान किये जाने को लकर नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र प्रषासन के जिम्मेदार अधिकारी तीसरी आंख खेलकर बखूबी जिम्मेदारी का निर्वाहन करने को लेकर पड़ताल जरूर की जा रही है पर वहीं सवाल यह उठता है कि जहां ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे अर्से से हेण्डपम्पों में जो पाईप पड़े हुये है उनमें जंग लग चुका है पाईपों से कहीं न कहीं पानी निकालते वक्त जंग भी मिक्स होता है गंदा पानी आता है। जब पाईप बदलने के लिये जिम्मेदार उपयंत्री से बात की गई तो पता चला कि जिला मुख्यालय में ही पाईप नहीं है मजबूरी की चलते कैसे पाईप बदले जायें, क्या हेण्डपम्पों से शुद्ध पेयजल प्रदान करने को लेकर जो जंग लगा पानी निकल रहा है क्या इसे शुद्ध पेयजल की श्रेणी में माना जाये। जरूरत है ग्रामीण क्षेत्र में भी जहां हेण्डपम्पों के पाईप बदलने की वहां भी जिला प्रषासन की मुखिया कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के संज्ञान में लेने की ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी हेण्डपम्पों से शुद्ध पेयजल प्रदान किया जा सके।

जिला मुख्यालय में पाईपों की कमी को दूर किया जाये। कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई को निर्देषित किया जाये ताकि समय रहते जहां आवष्यकता है हेण्डपम्पों के भी पाईप बदल सकें ताकि ग्रामीण क्षेत्र जहां हेण्डपम्पों के सहारे ही शुद्ध पेयजल आज भी मिलता है वहां वास्तविकता में शुद्ध पेयजल ही मिल सके निष्चिततौर पर इंदौर की घटना के बाद जहां समूचे म0प्र0 में अब शुद्ध पेयजल प्रदान करने को लेकर जिम्मेदारी बरती जा रही है। घटना घटित होने के बाद जहां प्रषासन जवाबदेही भी तय करने को लेकर जिम्मेदारी का निर्वाहन करने के लिये उचित मानता है वैसे भी क्या जिन जिम्मेदारों को अपने कर्तव्यों के निर्वाहन को लकर जिम्मेदारी तय करनी चाहिये क्या गौर करेंगे ताकि जिनकी जिम्मेदारी हो उनकी जिम्मेदारी से ही संपूर्ण प्रषासन की जिम्मेदारी स्वच्छ प्रषासन संवेदनषीलता को लेकर जाना जाये। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई. से बात की गई आखिर ग्रामीण क्षेत्र में जहां हेण्ड पाईप के पाईप बदले जाने है पाईपों की व्यवस्था कैसे और कब तक होगी।

**इनका कहना है-**

पाईपों को मंगाये जाने को लेकर आर्डर पूर्व से लगाया हुआ है जैसे ही पाईप आ जायेंगे जहां आवष्यकता है उन्हें बदलने का कार्य किया जायेगा।
**संचित खेत्रपाल, कार्यपालन यंत्री, पी.एच.ई.**

# लम्बे समय से फरार स्थाई वारन्टी आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय किया गया पेश

### वांछित आरोपी सलेहा थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना (एक्सीडेंट) प्रकरण में था लंबे समय से फरार

**पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में फरार एवं दीर्घकाल से लंबित स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रभावी एवं सुनियोजित अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को माननीय न्यायालयों से जारी स्थाई वारंटों का त्वरित पालन सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं।**



उक्त निर्देशों के अनुक्रम में थाना सलेहा पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए एक महत्वपूर्ण स्थाई वारन्टी आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पन्ना के न्यायालय द्वारा आर.सी.टी. क्रमांक 800764/2016 में आरोपी रामबरन सिंह पिता फौजदार सिंह राठौर, उम्र 28 वर्ष, निवासी माधवीनगर गदाईपुरा, थाना हजीरा, जिला ग्वालियर (म.प्र.) के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 भा.द.वि. एवं धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी लंबे समय से फरार होकर न्यायालयीन कार्यवाही से बच रहा था। थाना सलेहा पुलिस द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्वालियर जिले में आरोपी के निवास स्थान के आसपास दबिश दी। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी रामबरन सिंह को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को नियमानुसार अभिरक्षा में लेकर थाना सलेहा लाया गया, जहां आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात उसे माननीय न्यायालय, पन्ना के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने के आदेश पारित किए गए। पन्ना पुलिस की इस कार्यवाही से यह स्पष्ट संदेश जाता है कि न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करने वाले फरार एवं स्थाई वारन्टी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर एवं निरंतर कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी आरोपी को कानून से बचने नहीं दिया जाएगा।

**सराहनीय योगदान-** उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उपनिरीक्षक बलवीर सिंह, प्र. आर. गोविन्द सिंह, आर. बबलू पटेल, गौरव सिंह, आशीष बुनकर एवं सायबर सेल पन्ना का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

# पन्ना में रेत माफिया बेखौफः केन, रूंज और बाघिन नदियों का सीना छलनी, प्रशासन मौन

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में रेत का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। पन्ना विधानसभा के अजयगढ़ क्षेत्र में बहने वाली जीवनदायिनी नदियां केन, रूंज और बाघिन वर्तमान में रेत माफिया के चंगुल में हैं। एनजीटी के नियमों को ताक पर रखकर मशीनों के जरिए नदियों का अस्तित्व मिटाया जा रहा है। अजयगढ़ क्षेत्र में माफियाओं ने दुस्साहस की सारी हदें पार कर दी हैं। नदी के पानी के बीचों-बीच भारी मशीनें (पोकलेन और जेसीबी) उतारकर रेत निकाली जा रही है। विशेष रूप से पुलों के समीप हो रहे उत्खनन से पुल की बुनियाद खोखली हो रही है, जिससे भविष्य में बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी-भरकम डंपरों के कारण क्षेत्र की सड़कें भी पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं।प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल- छोटे पर वार, बड़े को प्यार स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस और खनिज विभाग की कार्रवाई केवल दिखावा है। विभाग अक्सर गरीब किसानों के एक-दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़कर अपनी पीठ थपथपाता है, लेकिन नदी के बीच मशीनें चला रहे बड़े बालू माफियाओं पर हाथ डालने से कतराता है। ग्रामीणों में इस श्दोहरे मापदंडश को लेकर भारी आक्रोश है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा को न्यायालय द्वारा रिहा किए जाने से क्षेत्रीय लोगों में हर्ष व्याप्त



**अजयगढ़।** ग्वालियर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता को जिस तरह ग्वालियर प्रशासन द्वारा मनमानी पूर्वक गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था प्रशासन के मनमानी पूर्ण रवैया के विरोध में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा को एक पोस्टर जलाए जाने के मामले में एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत न्यायालय में प्रस्तुत किया था वरिष्ठ अधिवक्ता के वकीलों ने न्यायालय के सामने अपना पक्ष रखा जिस पर माननीय न्यायालय ने वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा जी को जमानत रिहा किए जाने का आदेश दिया जिस पर अजयगढ़ क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्ति करते हुए मिठाई वितरित की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक पूर्व शिक्षक गोपाल स्वरूप तिवारी हरकिशोर बाजपेई रामेश्वर प्रसाद खरे सत्यनारायण तिवारी अनिल मिश्रा कमलेश मिश्रा राजा पाठक शीतल शुक्ला महेंद्र कुमार मिश्रा राजेश कुशवाहा उदय प्रताप सिंह लोधी बालक राम सिंह अनिल सिंह बुंदेला अरविंद द्विवेदी कुंवर सिंह सुरेश कुमार गुप्ता केपी मिश्रा नाथूराम केवट फूलचंद पाल नीरज गुप्ता मोहम्मद रफीक रामकेश कुशवाहा राम दत्त बाजपेई गुड्डू मिश्रा बृज बिहारी द्विवेदी भोला प्रसाद गौतम बंटी गोस्वामी अशोक शुक्ला इंद्रपाल शुक्ला डॉक्टर रमाशंकर द्विवेदी उमाशंकर पाठक मलखान सिंह अजय प्रताप सिंह रंजूर सिंह लोधी जनक स्वरूप सिंगरौल बेटा लाल कुशवाहा सतीश कुमार द्विवेदी रामचंद्र द्विवेदी देशराज तिवारी दीपू तिवारी ने हर्ष व्यक्त किया है स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक ने कहा कि प्राचीन धार्मिक ग्रंथ मनुस्मृति जलने वाले अपमानित करने वाले साधु संतों के खिलाफ अपमानजनक भाषा बोलने वाले सामाजिक विवाद पैदा करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती प्रदेश में कुछ ऐसे संगठन और कुछ ऐसे व्यक्ति सक्रिय हैं जो निरंतर समाज में नफरत फैलाने का काम करते हैं एक विवादित आईएएस अधिकारी द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के खिलाफ अपमानजनक बयान बाजी की जाती है लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती भीम आर्मी का राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपुरी जिले के खनियाधाना में पुलिस प्रशासन के सामने मनुस्मृति जैसे प्राचीन ग्रंथ को अपमानित करता है जलता है कोई कार्रवाई नहीं होती इसी तरह पवई में भी मनुस्मृति को जलाकर के अपमानित किया जाता है ऐसा अपराधिकृत करने वाले लोगों पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती दो व्यक्तियों के बीच विवाद को जातिगत विवाद बनाकर समाज में नफरत पैदा करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं होती निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा बोलने वाले मुर्दाबाद के नारे लगाने वाले लोगों पर भी कोई कार्यवाही नहीं होती पवई में पूर्व में क्षेत्रीय विधायक तथा सांसद बीडी शर्मा मुर्दाबाद मनुवाद ब्राह्मणवाद मुरादाबाद सामंतवाद मुर्दाबाद जैसी विवादित नारे लगाए गए ऐसे नारे लगाने वाले लोग जानबूझकर के सामाजिक व्यवस्था फैलाने का काम करते हैं मनुस्मृति ग्रंथ हजारों साल पुराना है जो की संस्कृति के श्लोक में है लेकिन उसकी मनमानी व्याख्या करके समाज में गलत प्रस्तुति की जाती है ऐसे लोग जानबूझकर के मनुस्मृति जल करके सनातन हिंदू धर्म की आस्था पर आघात पहुंचाने का काम कर रहे हैं छतरपुर जिले के पूर्व विधायक ने भी 5 जनवरी को दमोह में मनुस्मृति ग्रंथ के रचयिता राजा मनु के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया अपनी विवादित भाषा शैली के लिए विख्यात उक्त पूर्व विधायक हमेशा समाज में विवादित भाषा का इस्तेमाल करके समाज में नफरत फैलाने का काम करता है ऐसे लोगों पर भी कार्यवाही नहीं होती जिसके कारण समाज में नफरत फैला है राष्ट्रीय एकता की भावना नष्ट होती है और क्रिया की प्रतिक्रिया भी होती है यही ग्वालियर में भी हुआ भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनुस्मृति का दहन किया तो उसके विरोध में प्रतिक्रिया में कुछ लोगों ने एक पोस्ट को जलाया जिसके कारण प्रशासन ने अनिल मिश्रा और कुछ अन्य लोगों को एससी एसटी एक्ट जैसे अन्य मामलों में भी गिरफ्तार किया आखिर मनुस्मृति ग्रंथ को जलने वालों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया आज मनुस्मृति जलाई जा रही है कल कोई रामायण जलाने लगेगी गीता जलाने लगेंगे जिससे सामाजिक विवाद की स्थिति उत्पन्न होगी इसलिए शासन प्रशासन को मनुस्मृति और अन्य धार्मिक ग्रंथो को जलाने वाले अपमानित करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई करना चाहिए।

# जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र कृषि उपज मंडी देवेंद्र नगर में परिवहन की कमी से किसान परेशान

**देवेन्द्रनगर। शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025द्26 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की प्रक्रिया जारी है, लेकिन कृषि उपज मंडी देवेंद्रनगर स्थित जवाहर सहकारी विपणन समिति के धान खरीदी केंद्र पर व्यवस्थाएं चरमराती नजर आ रही हैं।**



धान का समय पर परिवहन न होने से केंद्र परिसर में अव्यवस्था फैल गई है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जवाहर सहकारी विपणन समिति धान खरीदी केंद्र के शाखा प्रबंधक रामदुलारे पटेल ने बुधवार शाम 5 बजे जानकारी देते हुए बताया कि अब तक केंद्र में 845 किसानों से 53,816 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इनमें से 33,060 क्विंटल धान का परिवहन किया जा चुका है, जबकि 20,756 क्विंटल धान अभी भी केंद्र में परिवहन के अभाव में जमा पड़ा हुआ है। शाखा प्रबंधक रामदुलारे पटेल ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण धान उठाव प्रभावित हो रहा है, जिससे खरीदी केंद्र में जगह की कमी, धान के ढेर और किसानों की भीड़ बढ़ती जा रही है। धान का उठाव धीमा होने से कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। वहीं, खुले में रखे धान के खराब होने का भी खतरा बना हुआ है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द से जल्द परिवहन व्यवस्था दुरुस्त करे, ताकि उन्हें राहत मिल सके। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन समय रहते परिवहन की व्यवस्था सुधार पाएगा या किसानों की परेशानी यूं ही बढ़ती रहेगी।

# कलेक्टर ने जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को शहर के निरपत सागर तालाब स्थित जल शोधन संयंत्र और ओएचटी एवं इंटेकवेल का निरीक्षण कर शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए स्थापित नेटवर्क व्यवस्था का जायजा लिया। अमृत 2.0 मिशन के तहत निर्माणाधीन स्ट्रक्चर और फिल्टर प्लांट भी देखा तथा पानी के स्त्रोत व प्लांट की क्षमता तथा कव्हरेज क्षेत्र की जानकारी भी ली। साथ ही पानी के शुद्धीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन कर व्यवस्थित रूप से पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद पन्ना के सीएमओ उमाशंकर मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जिला कलेक्टर को ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए वॉटर सप्लाई स्कीम की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर कलेक्टर ने एयर ब्लोवर, फ्लैश मिक्चर एवं फ्लोकुलेटर इत्यादि मशीनों की कार्यप्रणाली भी देखी। कलेक्टर श्रीमती परमार ने जलावर्धन योजना के तहत नगर के पहाड़कोठी स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण भी किया और विभिन्न स्तर पर पानी के शुद्धीकरण की प्रोसेस का मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने नियमित अंतराल पर शहर के प्रत्येक वार्ड में पानी की जांच तथा लीकेज इत्यादि चेक करने के निर्देश भी दिए। साथ ही पानी वितरण व उपलब्धता संबंधी शिकायतों पर प्रभावी निराकरण के लिए भी निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी एवं परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित थे।

## खराब सड़क बनी हादसे की वजह, पुरैना ग्राम के पास चलती मोटर बाइक से गिरी महिला



बुधवार शाम 7:00 बजे पुरैना ग्राम के पास खराब सड़क की हालत एक बार फिर दुर्घटना का कारण बन गई। उबड़-खाबड़ और क्षतिग्रस्त मार्ग पर चलते समय चलती मोटर बाइक से 50 वर्षीय महिला अचानक गिर गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान हल्की बहु पति नम्बू दहायत, निवासी सकोर हिनौता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बाइक जैसे ही खराब रास्ते पर पहुंची, संतुलन बिगड़ गया और महिला सड़क पर गिर पड़ी। हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए महिला को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान महिला की हालत गंभीर पाए जाने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में खराब सड़क व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी देखी गई, ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत की मांग प्रशासन से की है।

# पिपरवाह बाईपास के पास कुत्ते को बचाने के प्रयास में ऑटो पलटी, आधा दर्जन लोग घायल



**पन्ना/ अमानगंज।** मुख्य सड़क मार्ग पर पिपरवाह बायपास के पास कुत्ते को बचाने के प्रयास में बुधवार शाम 4:00 बजे एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं।जानकारी के अनुसार सभी घायल शाहनगर क्षेत्र से पन्ना मजदूरी करने जा रहे थे। ये लोग ईंट-पाथर का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।दुर्घटना की सूचना मिलते ही अमानगंज डायल-112 स्टाफ मौके पर पहुंचा। प्रधान आरक्षक कल्पना बागरी, आरक्षक मेहरबान सिंह एवं पायलट कैलाश की मदद से सभी घायलों को तत्काल अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

## टंकी बनी शोपीस—ग्रामीण बूंद-बूंद को तरसे

**पन्ना।** बलगहा ग्राम में करोड़ों की नल-जल योजना ग्रामीणों के लिए राहत नहीं, बल्कि मजाक बनकर रह गई है। गांव में बनी पानी की टंकी आज भी सिर्फ शोपीस बनी खड़ी है, जबकि ग्रामीण और आदिवासी परिवार पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि टंकी बनने के बाद केवल एक दिन के लिए पानी की सप्लाई चालू की गई थी, ताकि कागजों में योजना सफल दिखाई जा सके। इसके बाद से नल सूखे पड़े हैं। हालत यह है कि महिलाएं आज भी सिर पर बर्तन रखकर दूर-दराज के स्रोतों से पानी ढोने को मजबूर हैं। पेयजल संकट के सवाल पर सरपंच ने साफ कहा कि पानी की टंकी अब तक पंचायत को हैंडओवर ही नहीं की गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब हैंडओवर ही नहीं हुआ, तो योजना को पूरा बताकर भुगतान कैसे कर दिया गया?

## महेबा सीमेंट प्लांट के विरुद्ध भारतीय किसान संघ करेगा बड़ा आंदोलन



**अमानगंज।** आज भारतीय किसान संघ की अमानगंज तहसील की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे ग्राम समिति का गठन हुआ बैठक का मुख्य विषय महेबा क्षेत्र में लगने वाली ईको सीमेंट कंपनी के द्वारा नोटिस बांटे गए हैं। जिससे 14 गाँव के किसानो में भारी आक्रोश बना हुआ है। किसानों ने एक बड़े आंदोलन की योजना बनाई। मुख्य रूप से भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री लोकेन्द्र सिंह, युवा प्रमुख मुकेश पाठक, जिला उपाध्यक्ष अशोक तिबारी, तहसील उपाध्यक्ष बीरेंद्र तिबारी, अजय पाठक, आशीष पाठक, मुन्ना पाठक, गोपाल पटेल,धर्मेंद्र सिंह, रोहित सिंह, अनिल सिंह, ऋषि राजा, दसराज सिंह, सौरभ सिंह, रामचंद्र पटेल और गोरा, डहरा, पवईया, पटेलपुरा हिनोता, चिकल्हई, बरहा सहित दस गाँव के लगभग 150किसान मौजूद।

# दिन में एसपी का संवाद कार्यक्रम और रात में उसी इलाके में लूट

## रात को बाथरूम के लिए उठे गृहस्वामी को कट्टे की नोंक पर दो बदमाशों ने लूटा

## बदमाश 2 लाख 70 हजार नगद और सोने की एक अगूंठी ले गए, मातगुवां थाने में लूट का मामला दर्ज

छतरपुर।

नया साल शुरू होते ही अपराधिक घटनाएं घटित होने लगी है कहीं हत्या तो कहीं हत्या के प्रयास जैसी घटनाएं घटित हो गई और नए साल के ही पहले सप्ताह में थाना मातगुवां अंतर्गत सागर रोड़ पर रनगुवां तिराहे में कट्टे की नोंक पर दो बदमाशों ने गृहस्वामी को लूट लिया। बदमाश उसके घर से 2 लाख 70 हजार नगद और सोने की एक अगूंठी लेकर फरार हो गए। मातगुवां थाने में लूट का मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना मातगुवां अंतर्गत सागर रोड़ रनगुवां तिराहा निवासी जगदीश साहू रात को 2 बजे अपने घर पर बाथरूम के लिए उठा तभी दो लूटेरो ने उसे पकड़ लिया और कट्टा अडा दिया। कट्टा अड़ाकर बदमाशों ने अलमारी खुलबाई और उसमें रखे दो लाख 70 हजार नगद व एक अगूठीं लूट ली। यह बदमाश पहले से ही उसके घर में घात लगाए बैठे थे। बदमाशों के भाग जाने के बाद पीड़ित जगदीश साहू ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलने पर मातगुवां थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे





लेकिन तब तक लूटेरे भाग चुके थे। जगदीश साहू की रिपोर्ट पर थाना मातगुवां में अज्ञात आरोपियों के विरूद्व लूट का मामला दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रात के समय क्षेत्र में कभी गश्त नही होती है जबकि पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देश है कि रात को पुलिस क्षेत्र में पेट्रोलिग करें। लेकिन मातगुवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत रात को पुलिस की पेट्रोलिग ना के बराबर है जिस कारण अपराधी तत्व सक्रिय है इस तरह की घटना को लेकर मातगुवां थाना क्षेत्र के व्यापारी व आम नागरिक अपने आप को आसुरक्षित महसूस करने लगे है।

### एक दिन पहले चौका में शुरू हुआ था ग्राम सुरक्षा पथ अभियान -

जगदीश साहू के साथ रात में लूट हुई और दिन में पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम चौका में नए साल पर नवाचार ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के लिए शुरू किया गया और इस नवाचार के तहत ग्राम सुरक्षा पथ अभियान का चौका में शुभारंभ हुआ। पुलिस अधीक्षक स्वयं इस अभियान का शुभारंभ करने में मौजूद रहे, लेकिन रात के समय लूट की बारदात हो गई। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगने लगे है। वहीं थाना मातगुवां प्रभारी अंकुर चौबे ने बताया कि अटैम्प टू लूट की घटना है और लूट का मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने भी लूट में 2 लाख 70 हजार रूपए और एक अंगूठी सोने की लूट होना बताया। लूटेरों तक पहुँचने में पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।

## खबर संक्षेप



### जरूरतमन्दों को वितरित किए कंबल

सिंगरौली। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने शीतलहर को ध्यान में रखते हुए सीएसआर के अंतर्गत जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने हेतु कंबल वितरण किया गया। इसी क्रम में 02 जनवरी 2026 को लोढ़ी आदिवासी भवन, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में लगभग 500 कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में माननीय सांसद रॉबर्ट्सगंज छोटेलाल खरवार, स्थानीय जिला पंचायत सदस्य व एनसीएल के अधिकारियों की उपस्थिति रही । उपस्थित अतिथियों ने इस पहल को जरूरतमंदों के प्रति एनसीएल की सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। इसी क्रम में एनसीएल ने 04 जनवरी 2026 को सिंगरौली ज़िले में ग्राम पंचायत क्षेत्र बरहपान, जनपद पंचायत वैढ़न में कंबल वितरण किया। ग्राम पंचायत भवन, बरहपान में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लगभग 200 कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर माननीय सांसद, सीधी-सिंगरौली, डॉ. राजेश मिश्रा, ग्राम बरहपान के सरपंच शएवं एनसीएल मुख्यालय से अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि एनसीएल के ऐसे प्रयास ग्रामीण एवं जरूरतमंद समुदायों को ठंड के मौसम में महत्वपूर्ण राहत प्रदान कर रहे हैं।

### मेला में चल रहा जुआ, चिड़ी पान और गप्पा के खेल में ठगे जा रहे सीधे साधे लोग

नौगांव। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन नगर में भव्यता पूर्ण किया जा रहा है। जिसको लेकर नगर के मेला ग्राउंड में मेला उद्घाटन के बाद दुकानें सज चुकी है और ग्रामीण क्षेत्र सहित शहर के लोग जम कर खरीददारी कर रहे हैं। तो वहीं सीधे साधे लोग मेले में लुट रहे हैं। बताया जाता है कि नौगांव मेले में दो तीन फड़ चल रहे हैं जिसमें चिड़ी पान, गप्पे का खेल चल रहा है जहां हजारों रुपए के दांव बेखौफ चल रहे हैं। यह जुआ एक हाथ ठेले पर बखूबी चलता है जहां ठेले पर एक रेग्जीन उस पर 6 खाने जिस पर चिड़ी, पान, ईंट हुकुम, झंडा और ताज के निशान रहते हैं जिस पर भोले भाले सीधे साधे लोग 100 रुपए लगाते हैं गोटी फंस जाने पर डबल रुपए दिए जाते हैं।

### तेज़ रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, महिला की मौके पर मौत



छतरपुर। जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में महाराजपुर तिराहे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक पर सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मृतका की पहचान रामकुंवर कुशवाहा उम्र 43 वर्ष, पत्नी राजू कुशवाहा, निवासी बदुआ के रूप में हुई है। उनके पति राजू कुशवाहा को मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार दंपति महाराजपुर तिराहे से गुजर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दूर जा गिरे। महिला को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## गौतम रिसॉर्ट फूड पॉइजनिंग मामला

# मृतकों के परिजनों ने एसपी कार्यालय में सौंपा आवेदन, कार्रवाई की उठाई मांग



छतरपुर।

खजुराहो स्थित गौतम रिसॉर्ट में 8 दिसंबर 2025 को जहरीले भोजन के सेवन से पांच कर्मचारियों की मौत के मामले में मृतकों के परिजनों ने बुधवार को एसपी कार्यालय में आवेदन सौंपा। परिजनों ने रिसॉर्ट मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

परिजनों का कहना है कि घटना के बाद रेड क्रॉस सोसायटी से प्रत्येक परिवार को 20 हजार रुपये की सहायता मिली थी, लेकिन इसके बाद किसी भी परिवार को कोई अतिरिक्त मदद नहीं दी गई। साथ ही, रिसॉर्ट अब भी सुचारू रूप से चल रहा है, जबकि प्रशासन ने पहले इसका फूड लाइसेंस रद्द कर दिया था।

मृतक के एक परिजन हरिशंकर सोनी ने बताया कि वे एसपी को आवेदन देने आए हैं, क्योंकि गौतम रिसॉर्ट मामले में अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि घटना को एक महीना बीत चुका है, लेकिन दोषियों पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। एक अन्य परिजन बबलू कुशवाहा ने कहा कि उनके पिता की मौत रिसॉर्ट में खाना खाने से हुई थी, लेकिन होटल मालिक पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एसपी से निष्पक्ष जांच कराने की गुहार लगाई है।

गौरतलब है कि 8 दिसंबर को रिसॉर्ट के कर्मचारियों ने भोजन करने के बाद तबीयत बिगडऩे की शिकायत की थी। एफएसएल रिपोर्ट में भोजन में खतरनाक फॉस्फेट कंपाउंड और कीटनाशक की पुष्टि हुई है। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है और जांच जारी है। प्रशासन ने रिसॉर्ट का लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिया था, लेकिन परिजनों का आरोप है कि कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।

# कलेक्टर की नाक के नीचे अधिकारी सूचना के अधिकार की उड़ा रहे धज्जियां

## नहीं बरती जा रही पारदर्शिता, बाबू सूचना के अधिकार को दिखा रहे ठेंगा

### सत्कार शाखा (कलेक्ट्रेट) के प्रभारी अपर कलेक्टर है, फिर भी चाही गई जानकारी आज दिनांक तक नहीं मिली

छतरपुर।

शासन के स्पष्ट निर्देश है कि प्रत्येक विभाग में पारदर्शिता रहे और इसी पारदर्शिता को बरकरार रखने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लागू किया गया है। लेकिन इसके बावजूद भी विभागों में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। जिले के अन्य विभागों की बात तो छोड़िए कलेक्ट्रेट में ही कलेक्टर की नाक के नीचे सूचना के अधिकार की अधिकारी धज्जियां उड़ा रहे है। नही बरती जा रही पारदर्शिता, कलेक्ट्रेट में पदस्थ बाबू सूचना के अधिकार को दिखा रहे ठेंगा। सत्कार शाखा के प्रभारी अपर कलेक्टर है, फिर भी चाही गई जानकारी आज दिनांक तक नहीं मिली। क्योंकि सत्कार शाखा कलेक्ट्रेट में ही और सत्कार शाखा से संबंधित बर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26 तक (31 अक्टूबर) 2025 की अवधि में जिले में बीआईपी, बीवीआईपी, अन्य राज्य/केन्द्र के अतिथियों के आगमन पर भ्रमण वा निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सत्कार शाखा अंतर्गत किराए से लिए गए वाहनों की जानकारी चाही गई थी। और इस जानकारी के अंतर्गत निविदा सूचना, कोटेशन और प्राप्त आवेदन पत्रों का तुलनात्मक पत्रक और सफल निविदा कार्य कोटेशन कर्ता को जारी किए गए कार आदेश एवं वर्ष 2022-23 से वर्ष 2024-25 की अबधि में सत्कार शाखा अंतर्गत भुगतानसुधा समस्त वाहनों के बिल बाउचर की छायाप्रति मागी गई थी। लेकिन आज दिनांक तक आवेदक को जानकारी उपलब्ध नही कराई गई। जानकारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सत्कार शाखा में पदस्थ केडी रावत द्वारा अधिकारियों का हवाला देते हुए जानकारी नहीं दी गई। अब ऐसे में शासन की पारदर्शिता वाली बात पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है।

### सूचना के अधिकार के तहत सीएम के काफिले में लगे वाहनों की भी नहीं दी जानकारी

30 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव छतरपुर के स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने आए और स्थानीय कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री व अन्य अतिथियों के लिए छतरपुर एसडीएम द्वारा जो वाहन प्रदाय किए गए उन सभी की जानकारी सत्कार शाखा कलेक्ट्रेट से चाही गई थी। कि किन-किन मालिको को वाहन किराए पर लगाने के लिए कार आदेश जारी किए गए। साथ ही किराए से लगाए गए वाहनों के भुगतान की नोट शीट प्रस्तुत बिल मए लॉक बुक सहित मांगी गई थी लेकिन यह जानकारी देने में भी गुमराह किया जा रहा है। जबकि इन सभी के नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर है, लेकिन करीब 2 माह बीत जाने के बाद भी जानकारी नही दी गई। जानकारी समय सीमा पर ना दिए जाने से स्पष्ट है कि कहीं ना कहीं वाहन किराए में लगाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। इसलिए जानकारी को देने में गुमराह किया जा रहा है। शहर में इस बात की चर्चा भी जोरों पर है कि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को दीपावली के पहले काले कलर की नई लग्जरी कार गिफ्ट में भेंट की गई थी, ताकि सत्कार शाखा का यह काला चिट्ठा दबा रहे। इतना गंभीर मामला होने के बाद भी पारदर्शिता को बरकरार रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई प्रयास नहीं किए जा रहे। जबकि सूचना के अधिकार के तहत जानकारी ना दिए जाने पर कई मामले अखबारों की सुर्खियों में रहें है। और ऐसे मामलों में लाखों के भ्रष्टाचार की बू आ रही है। फिर भी सूचना के अधिकार के लोक सूचना अधिकारियों की कानों में जू नही रेंग रही है। ऐसे में इन लोक सूचना अधिकारियों की लापरवाही से जिले के ईमानदार कलेक्टर की छवि प्रभावित हो रही है। कहीं इन लोक सूचना अधिकारियों द्वारा ईमानदार कलेक्टर की छवि खराब करने के लिए साजिश तो नहीं रची जा रही है।

# अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दिल्ली फाइनल में पहुंची

## पूल बी में एमपीएस नोएडा ने शानदार जीत दर्ज की



नौगांव।

नपा द्वारा आयोजित 70 वें मेला महोत्सव के तहत खेले जा रहे अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के छठवें दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। नगर के जाने माने राजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में बुधवार को जहां पूल ए का सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया, वहीं पूल बी के मुकाबलों की भी शुरुआत हुई। पूल ए के सेमीफाइनल में दिल्ली ने जयपुर को करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि पूल बी के पहले मैच में एमपीएस नोएडा ने जलगांव, महाराष्ट्र को हराकर जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया।

पूल ए के सेमीफाइनल मुकाबले में जयपुर और दिल्ली की टीमें आमने-सामने रहीं। निर्धारित 18 ओवर के मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। दिल्ली के गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी के सामने जयपुर की बल्लेबाजी पूरी तरह चरमरा गई। जयपुर की पूरी टीम महज 12.3 ओवर में 47 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जयपुर की ओर से तरुण सिंह ने सर्वाधिक 16 रन बनाए, जबकि अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। दिल्ली के गेंदबाज मनीष और पवन ने 4-4 विकेट झटके, जबकि शशांक और सोरित को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली की टीम ने 7.5 ओवर में 2 विकेट खोकर 47 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और फाइनल में प्रवेश किया। दिल्ली की ओर से प्रियांशु ने 22 रन, कुशाग्र ने 15 रन, अक्ष सिंघल ने 6 रन और सलभ श्रीवास्तव ने 9 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए दिल्ली के मनीष और पवन को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर की भूमिका प्रतीक सक्सेना और नितिन तिवारी ने निभाई। अब दिल्ली 13 जनवरी को होने वाले फाइनल मुकाबले में पूल बी की सेमीफाइनल विजेता टीम से भिड़ेगी।दिन का दूसरा मुकाबला पूल बी के पहले मैच के रूप में एमपीएस नोएडा और जलगांव, महाराष्ट्र के बीच खेला गया। नोएडा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए जलगांव को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। जलगांव की टीम नोएडा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 15.2 ओवर में मात्र 78 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। जलगांव की ओर से राहुल ने 19 रन, मानव ने 17 रन और विकास ने 13 रन का योगदान दिया। नोएडा के गेंदबाज अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि अंकित नागर को 3 विकेट और देव को 1 विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमपीएस नोएडा की टीम ने 10.1 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और 6 विकेट से जीत दर्ज की। नोएडा की ओर से मनीष भाटी ने 31 रन, भवी ने 20 रन, सचिन भाटी ने 10 रन और अभिषेक ने 7 रन बनाए। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अभिषेक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में अंपायर शाहिद बजाज और विशेष रावत रहे।



# गाय के बछड़े को भगाने से मना करने पर महिला के साथ अभद्रता, पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में दिया आवेदन

छतरपुर।

जसगुवां टपरियन थाना क्षेत्र के निवासी रामसहाय कुशवाहा पुत्र भोला कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक को बुधवार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि गांव के ही नीरज शुक्ला ने उनकी मां के साथ गाली-गलौज व अभद्रता की तथा उनके पहुंचने पर उनके साथ भी मारपीट की।

रामसहाय कुशवाहा ने बताया कि बीते रोज वह घर से खेत जा रहे थे। रास्ते में उनकी मां मिलीं, जो एक छोटी बच्ची को गोद में लिए हुई थीं। इसी दौरान नीरज शुक्ला एक गाय के बछड़े को पकडऩे के बहाने उनकी मां से गाली-गलौज कर रहा था और बछड़े को वहां से भगाने को कह रहा था। मां ने ऐसा करने से इनकार कर दिया तो नीरज ने उनके साथ अभद्रता की। इतने में मैं वहां पहुंच गया। नीरज ने मेरे साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद उन्होंने थाना पिपट में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके चलते बुधवार को रामसहाय कुशवाहा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और लिखित आवेदन सौंपा। उन्होंने मांग की है कि आरोपी नीरज शुक्ला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

# अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग आर्य ने एनसीएल के साथ की समीक्षा बैठक

### 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण, संविदा कर्मियों में बांटे कंबल

**सिंगरौली। बुधवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य का आगमन हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के माननीय अध्यक्ष ने अनुसूचित जनजाति के कल्याण एवं विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों के आलोक में एनसीएल की समीक्षा की।**

इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष आर्य ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में एनसीएल की भूमिका को सराहा। साथ ही, अपने उद्बोधन में उन्होंने सीएसआर के माध्यम से स्थानीय समुदाय के उत्थान के लिए एनसीएल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी प्रशंसा की। उन्होंने बैगा बाहुल्य गांवों में शिक्षा का अलख जगाने का आह्वान करते



हुए कहा कि देश की प्रगति और विकास यात्रा में आदिवासी समुदाय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक के दौरान एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) श्री मनीष कुमार ने माननीय आयोग के समक्ष एनसीएल में अनुसूचित जनजाति के हितों के लिए उठाए गए कदमों को रेखांकित करते हुए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया, आंतरिक चयन, सुव्यवस्थित शिकायत निवारण प्रणाली, कर्मचारी कल्याण और प्रशिक्षण एवं विकास का विवरण रखा। साथ ही जनजातीय समुदाय के कल्याण से जुड़े एनसीएल की विभिन्न निगमित सामाजिक दायित्व पहलों को भी माननीय आयोग के समक्ष रखा।

अपने दौरे के दौरान माननीय अध्यक्ष ने अन्य गणमान्यों के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एनसीएल परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सामाजिक सरोकार के तहत संविदा कर्मियों के बीच कंबल का वितरण भी किया।इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (तकनीकी संचालन) सुनील प्रसाद सिंह, अनुसूचित जनजाति आयोग के वरीय उप निदेशक आर.के. दुबे, एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं विभिन्न परियोजनाओं से आए स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) उपस्थित रहे।

इस दौरान एक विस्तृत पीपीटी के माध्यम से अनुसूचित जनजाति के लिए एनसीएल द्वारा किए जा रहे सीएसआर एवं कल्याण की गतिविधियों का माननीय अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति आयोग ने अवलोकन भी किया। इसके पूर्व उन्होंने एनसीएल के विभिन्न अनुसूचित जनजाति से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों से संवाद किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा एमजीआर क्षेत्र में सुरक्षा मेगा पेप टॉक का आयोजन

**सिंगरौली। एनटीपीसी** विंध्याचल द्वारा एनटीपीसी रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत दिनांक 6 जनवरी 2026 को एमजीआर क्षेत्र में एक मेगा पेप टॉक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति परियोजना की सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम का आयोजन श्री संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम, श्री आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा), श्री मुकेश कश्यप, अपर महाप्रबंधक (एमजीआर), श्री एम. एस. श्रीनिवासन (क्वालिटी चैंपियन), बिजनेस एक्सीलेंस असेसर्स की



टीम तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्री संजीब कुमार साहाम, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ने उपस्थित कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जीवन के हर कदम पर आवश्यक है और यह घर से बाहर निकलते ही शुरू हो जाती है। उन्होंने सभी कर्मियों से सतर्क रहने एवं कार्य के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सहभागिता बढ़ाने हेतु कुछ कर्मचारियों ने अपने दैनिक कार्यों में अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं को साझा किया।
अपने संबोधन में श्री ए. जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ने दुर्घटनाओं के सामान्य कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने कार्य के प्रति सम्मान रखना ही सुरक्षित कार्य निष्पादन की कुंजी है। वहीं श्री एस. के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम) ने आत्म-अनुशासन के महत्व पर बल देते हुए कार्य के दौरान जल्दबाजी से बचने तथा हेलमेट एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। श्री एम. एस. श्रीनिवासन (क्वालिटी चैंपियन) ने स्टेशन की सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति की सराहना की और सड़क सुरक्षा पर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। श्री आशीष कुमार अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक (सुरक्षा) द्वारा आयोजित पेप टॉक में सड़क सुरक्षा एवं व्यावसायिक जोखिमों के प्रति कर्मचारियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को रोचक एवं प्रभावी बनाने हेतु नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सुरक्षित कार्य व्यवहार में उत्कृष्ट योगदान के लिए 20 से अधिक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में 10 जनवरी तक नहीं लगेंगी कक्षाएं

**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने जिले के कक्षा नर्सरी से आठवीं तक की सभी कक्षाओं में 10 जनवरी तक अवकाश के आदेश दिए हैं। लगातार तेज शीतलहर तथा तापमान में हो रही गिरावट को ध्यान में रखते हुए यह आदेश दिया गया है। इस अवधि में स्कूल खुलेंगे किन्तु उनमें कक्षा 8 तक की कक्षाएं संचालित नहीं होंगी। अवकाश अवधि में भी सभी शिक्षक स्कूलों में उपस्थित रहकर परीक्षा तथा अन्य शासकीय कार्य संपादित करेंगे।

### एयरपोर्ट रीवा में की गई मॉकड्रिल

**रीवा ।** एयरपोर्ट रीवा में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। अग्निशमन विभाग के तत्वधान में एयरपोर्ट के सभी हितधारकों ने मिलकर मॉक ड्रिल में भाग लिया। आग से होने वाली आपातकाल स्थिति से निपटने के लिए यह ड्रिल वर्ष में एक बार की जाती है। ड्रिल में यात्रियों का आग से बचाव एवं देखरेख का अभ्यास कराया गया एवं सभी हितधारकों को ऐसी स्थिति से निपटने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। ड्रिल के दौरान एयरपोर्ट निदेशक योगेंद्र रजक, शुभम शर्मा, प्रभारी अग्निशमन ऐश्वर्य मीणा, इंडिगो एवं एलायंस एयर के स्टेशन प्रबंधन अमित तिवारी एवं राजकुमार पटेल, स.उप.नि अजय तिवारी सहित संबंधितजन उपस्थित रहे।

### ठंड के कारण 10 जनवरी तक बंद रहेंगे आंगनबाड़ी केन्द्र

**रीवा ।** जिले में लगातार गिरते तापमान को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर प्रतिभा पाल ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों को 10 जनवरी तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। इस अवधि में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका केन्द्र में उपस्थित होकर अन्य शासकीय कार्य संपादित करेगी।

### डॉ. यत्नेश त्रिपाठी को सीएमएचओ का प्रभार

**रीवा।** डॉ यत्नेश त्रिपाठी अस्थि रोग विशेषज्ञ को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रीवा का प्रभार सौंपा गया है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा जारी आदेश में त्रिपाठी की सेवाएं श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय से लेते हुए आगामी आदेश तक सीएमएचओ के पद पर पदस्थ किया गया है।

### कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 6 में प्रवेश का अवसर

**रीवा ।** जनजातीय कार्य विभाग के तहत रीवा में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर आवासीय विद्यालय संचालित है। इसमें सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में छात्राओं के प्रवेश के लिए 10 जनवरी से 10 फरवरी तक ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। इस संबंध में संस्था के प्राचार्य आरके तिवारी ने बताया कि इनमें कक्षा 5वीं में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, विमुक्त जनजाति, घुमक्कड़ एवं अर्द्ध घुमक्कड़ की छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। कोविड अथवा आतंकवादी घटनाओं में अपने अभिभावकों को खो देने वाली छात्राओं तथा दिव्यांग माता-पिता की बेटी को भी प्रवेश का अवसर दिया जा रहा है। विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट ट्राईबल डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन तथा एमपी टास के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश पत्र 15 फरवरी से ऑनलाइन उपलब्ध होंगे।

## उप मुख्यमंत्री ने खंधो माता मंदिर में नवग्रह वाटिका का किया भूमिपूजन

# खंधो माता मंदिर बड़ा तीर्थ स्थल बनेगा - उप मुख्यमंत्री

### विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन

रीवा ।





उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खंधो माता मंदिर बड़ा तीर्थ स्थल बनेगा। मंदिर परिसर को विकसित कर इसके आसपास के क्षेत्र को पर्यटक स्थल भी बनाया जायेगा। शुक्ल ने माता मंदिर परिसर में नवग्रह वाटिका का भूमिपूजन किया। उन्होंने मंदिर से लगी पहाड़ी में जिला खनिज न्यास मद से वृक्षारोपण कराये जाने के क्रम में पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण की शुरूआत की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता की सेवा एवं धार्मिक स्थलों के विकास से ही रीवा तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। गत दिनों भैरवनाथ मंदिर परिसर में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया था। खंधो माता मंदिर की पहाड़ी में भी पीपल सहित अन्य पौधे लगाकर इसे हरी भरी बनाया जायेगा। सघन वृक्षारोपण आने वाली पीढ़ी के लिये वरदान साबित होगा। हमारा दायित्व है कि हम आने वाली पीढ़ी को ऐसा पर्यावरण दें जहां पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन के लिये वृक्ष हों। उन्होंने खंधो माता मंदिर में रामसखा यादव द्वारा बिना किसी सहयोग के किये गये वृक्षारोपण कार्य की सराहना की तथा लोगों से अपेक्षा की कि समाज के हित में कार्य करें क्योंकि हम जो कार्य करते हैं उसको लोग हजारों आंखों से देखकर मूल्यांकन करते हैं। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि मंदिर परिसर वृक्षों से आच्छादित होगा। पत्थर में किया गया वृक्षारोपण कार्य अकल्पनीय है। उन्होंने आमजनों से अपेक्षा की कि भविष्य में बढ़ती आबादी के मद्देनजर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। श्री मिश्र ने लोगों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की तथा अपेक्षा की कि निर्धारित दर अनुसार विद्युत बिल का भुगतान करें व शासन के सहयोगी बनें।

कार्यक्रम में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह ने कहा कि खंधो माता आस्था की प्रतीक हैं। उनके आशिर्वाद से ही यह क्षेत्र विकसित होगा। वन विभाग द्वारा मंदिर परिसर के दक्षिण भाग में सुरक्षा की दीवार बनाई जायेगी जिससे यह पूरा परिसर सुरक्षित हो जायेगा। सिंह ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही यह क्षेत्र व रीवा जिला विकास के मार्ग पर अग्रसर है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वच्छता परिसर के लोकार्पण के साथ ही अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न मांगों को तत्परता से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। स्वागत उद्बोधन कार्यक्रम के सूत्रधार संजीव द्विवेदी ने दिया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने खंधो माता के दर्शन किये। इस अवसर पर निर्मला द्विवेदी, संगीता यादव, कल्पना सिंह, आरती सिंह, रीतेश खण्डेलवाल, राजगोपाल मिश्र चारी, मोहनलाल शुक्ला, फूलमती रावत, डॉ. संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अमहिया थाना में संचालित हो रही गुरुकुल पाठशाला पहुंचे एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान, बच्चों के बीच मनाया जन्मदिवस





**रीवा।** पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने अपने जन्मदिन को औपचारिकता, केक-कटिंग और दिखावे से दूर रखते हुए सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया। इस अवसर पर वे अमहिया थाना में संचालित गुरुकुल पाठशाला पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दिया। गुरुकुल पाठशाला पहुंचते ही नन्हे-नन्हे विद्यार्थियों ने गुलाब के फूल भेंट कर पुलिस अधीक्षक का आत्मीय स्वागत किया। बच्चों ने एक स्वर में हैप्पी बर्थडे सर कहकर एसपी चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने भी बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत की और उनके साथ सहज रूप से समय बिताया। इस दौरान एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बच्चों से उनकी पढ़ाई, रुचियों, सपनों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की सीख देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जो व्यक्ति के साथ-साथ पूरे समाज को बदल सकती है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे लक्ष्य तय कर निरंतर परिश्रम करें, तो किसी भी परिस्थिति में सफलता हासिल की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को नशे से दूर रहने, अच्छे संस्कार अपनाने और माता-पिता तथा गुरुओं का सम्मान करने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं और बच्चों को सही दिशा देना बेहद जरूरी है, ताकि वे भटकाव से दूर रहकर एक बेहतर नागरिक बन सकें। एसपी चौहान ने यह भी कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त बनाना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। उन्होंने अमहिया थाना में संचालित गुरुकुल पाठशाला के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पाठशालाएं जरूरतमंद और वंचित बच्चों के लिए आशा की किरण हैं। ऐसे प्रयास समाज को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों के बीच जन्मदिन मनाकर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान ने यह संदेश दिया कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास, संवेदनशीलता और सहयोग का रिश्ता होना चाहिए। इस पहल से बच्चों में पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है और समाज में पुलिस की मानवीय छवि और अधिक सुदृढ़ होती है। इस अवसर पर अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल पुलिस स्टाफ, गुरुकुल पाठशाला के शिक्षक, समाजसेवी एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स होंगे शामिल, 500 से अधिक होटल व्यवसायी होंगे शामिल

# होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेगा ट्रेड फेयर 10 जनवरी से

**रीवा। होटल एंड रेस्टॉरेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा मेगा ट्रेड फेयर 2.0- 2026 का आयोजन होटल रॉयल ऑर्बिट में 10, 11, 12 एवं 13 जनवरी को किया गया है। जहां होटल इंडस्ट्री से जुड़े तमाम लोग एक ही छत के नीचे जुटेंगे। फेयर में क्रॉकरी, कटलरी, फर्नीचर, आर्किटेक्ट, सर्विसेज, बैडशीट्स, वॉटर सप्लायर्स, इलेक्ट्रिफिकेशन एक्सपर्ट, सोलर कंपनियां, इंटीरियर डिजाइनिंग एक्सपर्ट से जुड़े व्यवसायी रहेंगे।**



एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि फेयर में कुल 100 से ज्यादा एक्जीबिटर्स हैं, वहीं आसपास के करीब 500 से अधिक होटल व्यवसायी इसमें शामिल होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष वसंत घोड़ावत, सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा, ट्रेजरार विनीत गोकलानी, सह सचिव उपनीत छाबड़ा, इवेंट चेयर पर्सन संदीप विजन, वरिष्ठ सदस्यों कमल ग्रोवर, अमित जसूजा, नितिन चंडोक, संजय जैन आदि ने सहभागिता की अपील की है।

### मटर महोत्सव भी होगा खास

सचिव तनप्रीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से फेयर के साथ ही एक जिला, एक उत्पाद के अंतर्गत मटर महोत्सव का 11 जनवरी को आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में होटलों के साथ गृहिणियों की सहभागिता भी रहेगी।

## व्यवस्था लड़खड़ाई, जिले के कई खरीदी केंद्रों में बारदाने का संकट

# उपार्जन लक्ष्य के अनुरूप नहीं कर सके बारदानों का आंकलन





रीवा।

जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी में प्रशासनिक लापरवाही के चलते उपार्जन व्यवस्था लड़खड़ाई गई है। जिले में उपार्जन के लक्ष्य के अनुरूप खाद्य विभाग द्वारा बारदाने की मात्रा का आकलन पहले से नहीं किया गया, ऐसे में पूरे जिले के कई उपार्जन केंद्रों में बारदानों का संकट खड़ा हो गया है। फलस्वरूप किसानों की धान की तौलाई नहीं हो पा रही है। हालांकि कुछ केंद्रों में शुक्रवार को बारदानों की लाट भेजी गई, लेकिन बहुत कम मात्रा में बारदाने दिए गए, जिससे शाम तक उन केंद्रों में भी तौलाई रोकनी पड़ी है। नागरिक आपूर्ति विभाग उपार्जन केंद्रों पर बारदाना पर्याप्त मात्रा में नहीं उपलब्ध करा पा रहा है। बारदाने के संकट का सबसे ज्यादा असर समितियों के स्तर पर बने केंद्रों में है, गोदाम स्तर पर इतना संकट नहीं है। अब भेजा गया मांग पत्रप्रशासनिक सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि शासन को बारदानों का मांगपत्र भेज दिया गया है। यानि जब किसानों की धान की तौलाई का काम अवरुद्ध हो गया, तब अधिकारियों ने शासन को मांगपत्र भेजा। सवाल यह है कि यह पत्र शासन को पहले क्यों नहीं भेजा गया, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में गतिरोध नहीं आता। इस सवाल पर अधिकारी मौन है। रीवा ब्लॉक को छोड़कर जिले के अन्य ब्लॉकों में खारीदी केंद्रों पर बारदानों के अभाव में स्लॉट बुक होने के बाद भी धान की तौलाई नहीं हो पा रही है। हालांकि गुढ़ तहसील अंतर्गत संचालित उपार्जन केंद्रों में ऐसी स्थिति नहीं है, यहां जिन समितियों ने मिलरों से बारदाने ले लिए थे, उनके यहां उपार्जन किया जा रहा है, लेकिन अन्य ब्लॉकों में बारदानों के अभाव के चलते खरीदी प्रभावित हो रही है।तराई क्षेत्र में सबसे ज्यादा कमीबताया जाता है कि बारदानों के अभाव का सबसे ज्यादा असर तराई क्षेत्रों के उपार्जन केंद्रों में है। जवा और त्यौंथर तहसील के तमाम केंद्रों में बारदाना नहीं है। यहां पर अधिकांश केंद्रों पर गुरुवार दोपहर से ही धान का उपार्जन रोकना पड़ गया है। मिलरों के माध्यम से जिन समिति प्रबंधकों एवं खरीदी प्रभारी ने बारदाने पहले से ले रखा है, केवल उन्हीं केंद्रों में किसानों की धान तौली जा रही है। कड़ाके की ठंड में प्रशासनिक उदासीनत से सबसे अधिक परेशानी किसानों को उठानी पड़ रही है। घने कोहरे और शीत लहर के बीच किसान अपनी फसल की तौलाई तक रात को भी केंद्र नहीं छोड़ पा रहे हैं।प्लान में हैं बड़े झोलनॉन और फूड विभाग के माध्यम से प्रतिवर्ष होने वाले उपार्जन में इनके खरीदी प्लान में कई बड़े झोल निकलकर सामने आ रहे हैं। अधिकारियों के पास ऐसे संकट से निपटने का कोई पुख्ता प्लान ही नहीं है। खरीदी केंद्रों में हजारों किसान धान तौलाई के इंतजार में हैं, लेकिन अधिकारी यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि वे बारदानों की व्यवस्था कहां से और कैसे करेंगे। योजनावद्ध तरीके से होने वाले उपार्जन में बारदानों की जरूरत पूरी करने पहले से लक्ष्य को देखते हुए बारदाने की मात्रा का अनुमान नहीं लगाया गया था।



### पहाड़ी में बेटी बचाओ—बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊगंज।** जिले के हनुमना जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी के पंचायत भवन में बेटी बचाओ—बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत पंचायत स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, बालिकाओं एवं नाबालिग बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं वैधानिक प्रावधानों की जानकारी देना तथा बाल संरक्षण को लेकर समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी हनुमना-1 सविता श्याम ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प लेना चाहिए।कार्यक्रम में बच्चों को स्कूल और घर के बाहर अजनबियों से दूरी बनाए रखने, किसी भी प्रकार के शोषण, उत्पीड़न या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देने तथा बच्चों की रक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। पर्यवेक्षक ज्योति बारी ने ग्रामीणों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090 एवं डायल 112 जैसे महत्वपूर्ण आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी गई।अधिकारियों ने ग्रामीणों से बच्चों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने और किसी भी समस्या की सूचना तत्काल संबंधित विभाग या पुलिस को देने की अपील की। कार्यक्रम में सरपंच सरफराज अहमद ,सचिव शिवनरेश साकेत,आगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता में विभा मिश्रा,अर्चना केसरवानी,ममता मिश्रा,सविता पटेल, बद्रूनिसा,ग्रामीण कलाम खान सहित ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की इस पहल की सराहना की।विभाग द्वारा चलाया गया यह जन जागरूकता अभियान ग्रामीणों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## अभिलेखों का तत्काल सत्यापन करके रिपोर्ट दें - कलेक्टर



**रीवा ।** कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के बाद जिले भर में 5517 मतदाताओं को नोटिस दिया गया है। इन मतदाताओं द्वारा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 13 अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख प्रस्तुत करने पर उसका सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, कक्षा दसवीं अथवा बारहवीं की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, वनाधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि अथवा मकान आवंटन प्रमाण पत्र, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा कर्मचारी को जारी पेंशन प्रमाण पत्र तथा बैंक पासबुक को मान्य किया गया है। इन प्रमाण पत्रों को संबंधित अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से भेजा जाएगा। अधिकारी इनका तत्काल सत्यापन करके निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराएं। किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र मिलने से पाँच दिवस के भीतर सत्यापन अनिवार्य रूप से करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक ने बताया कि विभिन्न कारणों से सत्यापन न होने वाले 5517 मतदाताओं को सहायक रिटर्निंग आफीसर द्वारा नोटिस जारी कर दिए गए हैं। मतदाता सहायक रिटर्निंग कार्यालय में उपस्थित होकर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध कराकर अपना सत्यापन करा सकते हैं। इसे बीएलओ ऐप के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी उसे सत्यापन के लिए संबंधित अधिकारी को ऑनलाइन प्रेषित करेंगे। अधिकारी पाँच दिन की समय सीमा में सत्यापन करके उसे जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## रीवा और मैहर में इंडस्ट्रियल पार्कों के लिए भूमि उपलब्ध कराएं - उप मुख्यमंत्री

रीवा ।



सर्किट हाउस सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य में एयरपोर्ट, रेलवे, हाईवे के साथ पर्याप्त मात्रा में जमीन और पानी उपलब्ध है। विन्ध्य में अब औद्योगिक विकास तेजी से होगा। मैहर और रीवा जिले में इंडस्ट्रियल पार्कों के लिए कम से कम एक हजार हेक्टेयर जमीन उपलब्ध कराएं। इंडस्ट्रियल पार्कों के निर्माण से विन्ध्य में तेजी से औद्योगिक प्रगति होगी। आर्थिक विकास के साथ बड़ी मात्रा में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मैहर जिले में झुकेही में 1450 हेक्टेयर तथा अमझर में 1500 हेक्टेयर जमीन इंडस्ट्रियल पार्कों के लिए चिन्हित कर दें। रीवा जिले में त्योंथर, सोहागी, सिरमौर तथा क्योटी के आसपास दो हजार हेक्टेयर जमीन इंडस्ट्रियल पार्क के लिए उपलब्ध कराई जा सकती है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि एयरपोर्ट तथा अन्य सुविधाएं होने से बड़े-बड़े उद्योगपति विन्ध्य क्षेत्र में निवेश करने के लिए लालायित हैं। हमें औद्योगिक विकास के अवसर का पूरा लाभ उठाना है। सभी विभाग समन्वय से प्रयास करके औद्योगिक विकास के कार्य को गति दें। विन्ध्य में सिंचाई, पर्यटन और उद्योगों का विकास नए आर्थिक युग का सूत्रपात करेगा। उप मुख्यमंत्री ने बेला-सिलपरा रिंग रोड निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि रेलवे से समन्वय बनाकर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य समय पर पूरा कराएं। इस महत्वपूर्ण रोड का निर्माण कार्य अप्रैल तक पूरा करें। रीवा से सीधी फोरलेन सड़क के निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करें। इसमें वन विभाग की अनुमति तथा भू अर्जन की कार्यवाही में तेजी लाएं। रीवा बायपास रोड का कार्य भी तेजी से पूरा करें। प्रयागराज की ओर से आने पर रतहरा में हाईवे से शहर में प्रवेश के स्थल पर सड़क को चौड़ा और व्यवस्थित कराएं। इस स्थान पर पानी की निकासी की भी समुचित व्यवस्था करें। दोनों ओर की सर्विस रोड को पर्याप्त चौड़ा बनाएं जिससे आवागमन सुगम हो सके। सीधी से सिंगरौली हाईवे का निर्माण कार्य भी टेण्डर की प्रक्रिया में है। इस महत्वपूर्ण रोड पर विशेष ध्यान दें।